# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

04 Nov MRT inext.pdf

**CITY BRIEFS**

## स्टूडेंट्स को बांटे स्मार्ट फोन



MEERUT : शहीद मंगल पांडे राजकीय गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत मोबाइल बांटे गए. स्टूडेंट्स को मुख्य अतिथि सभासद दीपक वर्मा ने स्टूडेंट्स को स्मार्ट फोन बांटे. कार्यक्रम का आरंभ प्रिंसिपल प्रो. अंजू सिंह ने दीप प्रज्जवलित किया. कार्यक्रम नोडल अधिकारी राकेश ढल ने मुख्य अतिथि का कॉलेज में स्वागत किया. मुख्य अतिथि ने कॉलेज में रजिस्ट्रर बीए की 175, बीकॉम में 60 बीएससी में 62 एवं में बीएड 84 छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया. कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राकेश ढल ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं कॉलेज के समस्त प्राध्यापक कार्यक्रम

**विक्रमण**

Email-vikramanmeerut@gmail.com

## शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण समारोह हुआ



(विक्रमण संवाददाता) मेरठ, शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो-(डॉ) अंजू सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी राकेश ढल ने मुख्य अतिथि का महाविद्यालय में अभिनंदन एवं स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय में पंजीकृत छात्राओं बी.ए में 175 बीकॉम में 60 बी.एस.सी में 62 एवं में बीएड 84 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। मुख्य अतिथि ने इस स्मार्टफोन वितरण पर अति हर्ष जताते हुए यह कहा कि आज वर्तमान युग में मीडिया और संचार की इतनी अधिक भूमिका हो गई है कि इससे कोई भी अछूता नहीं रह गया है यह एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके अंतर्गत सभी छात्राएं लाभान्वित हो रही है जो भविष्य में इसका उपयोग करते हुए अपनी शिक्षा में अधिक उन्नति कर सकेंगी। महाविद्यालय की प्राचार्य ने भी छात्राओं को

## श० मं० पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण समारोह



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। शुक्रवार को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि दीपक वर्मा सभासद माधवपुरम रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो5(डॉ) अंजू सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर मालार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी राकेश ढल ने मुख्य अतिथि का महाविद्यालय में अभिनंदन एवं स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय में पंजीकृत छात्राओं बी.ए में 175 बीकॉम में 60 बी.एस.सी में 62 एवं बीएड में 84 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये मुख्य अतिथि ने इस स्मार्टफोन वितरण पर अति हर्ष जताते हुए यह कहा कि आज वर्तमान युग में मीडिया और संचार की इतनी अधिक भूमिका हो गई है कि इससे कोई भी अछूता नहीं रह गया है, यह एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके अंतर्गत सभी छात्राएं लाभान्वित हो रही है जो भविष्य में इसका उपयोग करते हुए अपनी शिक्षा में अधिक उन्नति कर सकेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य ने भी छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन पर छात्रों को बधाई दी और साथ में यह भी कहा कि इस स्मार्टफोन से छात्राएं उसका उपयोग अपनी शैक्षिक उन्नति के लिए करें ताकि आने वाले इस युग में मीडिया और संचार से वह वंचित न रह सकें और इसका उपयोग अधिक से अधिक अपनी शैक्षिक उन्नति के लिए करें। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राकेश ढल ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

Meerut city | My City | 4

## छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए



शहीद मंगल पांडेय कॉलेज में स्मार्टफोन के साथ छात्राएं एवं अतिथि। संवाद

मेरठ/मोदीनगर। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने किया। मुख्य अतिथि माधवपुरम के सभासद दीपक वर्मा रहे। नोडल अधिकारी राकेश ढल ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने 381 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए तो उनके चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में दीपक वर्मा ने कहा कि स्मार्टफोन के बेहतर प्रयोग से भविष्य में तकनीकी कौशल बढ़ेगा। संचालन नोडल अधिकारी राकेश ढल ने किया।

## महाविद्यालय में स्मार्टफ़ोन वितरण समारोह (03-11-2023)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

विक्रमण

Email-vikramanmeerut@gmail.com

सम्पादक: सुशील गांधी [redacted] मेरठ, 7 नवम्बर 2023 हिन्दी समाचार पत्र

मुख्य विकास अधिकारी मेरठ ने दिखाई स्वीप रैली को हरी झंडी

## सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के अंतर्गत एक जनजागरूकता रैली एवं सेमिनार का हुआ आयोजन




**विक्रमण संवाददाता मेरठ।** सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के अंतर्गत एक जनजागरूकता रैली एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन स्वीप, एनसीसी, एनएसएस और रेंजर्स के बैनर तले किया गया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ सुश्री नूपुर गोयल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर गामिनी सिंगला एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ मेघराज सिंह ने की। रैली महाविद्यालय से चलकर नोडल अधिकारी डॉ मुनेश कुमार के नेतृत्व में माधवपुरम क्षेत्र में नारों, पोस्टर के साथ भ्रमण करते हुए वापस महाविद्यालय पहुंची। रैली में एनसीसी अधिकारी प्रोफेसर (लैफ्टिनेंट) लता कुमार के नेतृत्व में ४६ एनसीसी कैडेट्स, रेंजर्स प्रभारी प्रोफेसर अनुजा गर्ग के नेतृत्व में रेंजर्स स्वयंसेविकाओं, एनएसएस अधिकारी द्वय प्रोफेसर स्वर्णलता कदम व डॉ. पूनम भंडारी के नेतृत्व में एनएसएस स्वयं सेविकाओं और डा. भावना सिंह के नेतृत्व में बीएड छात्राओं सहित महाविद्यालय की विभिन्न विभागों की छात्राओं तथा प्राध्यापकों ने भारी संख्या में सहभागिता की। डॉ. गौरी ने मतदान जागरूकता विषय पर रंगोली तथा पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। सभी दर्शकों ने रंगोली तथा पोस्टर की सराहना की। इसके पश्चात सेमीनार हॉल में मतदाता जागरूकता हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, स्वीप जिला नोडल डॉ. मेघराज सिंह, स्वीप नोडल डॉ. मुनेश कुमार, सह नोडल डॉ उषा साहनी, प्रोफेसर (लैफ्टिनेंट) लता कुमार, प्रोफेसर अनुजा गर्ग, प्रोफेसर स्वर्णलता कदम व डॉ. पूनम भंडारी तथा महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक गण व छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला ने मतदान के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि मतदान लोकतंत्र की रीढ़ है इसलिए सभी को मतदान हेतु रजिस्ट्रेशन अवश्य कराना चाहिए। प्राचार्य ने सफल कार्यक्रमों के आयोजन पर बधाई दी। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ मुनेश कुमार ने मंच संचालन किया। डॉ. उषा साहनी ने आभार ज्ञापन किया। प्रोफेसर अनिता गोस्वामी, डॉ. सत्यपाल सिंह राणा, डॉ. आरसी सिंह, डॉ. मनीषा भूषण, डॉ. कुमकुम, डॉ. आशीष पाठक, डॉ. डेजी वर्मा, डॉ. पारुल मलिक, डॉ. भावना सिंह, डॉ. रिचा राणा, डॉ. राजीव एवं अन्य प्राध्यापकगणों का विशेष सहयोग रहा।

## वेस्ट टू वेल्थ प्रदर्शनी का किया आयोजन, इनोवेटिव आईडियाज इस्तेमाल कर छात्राओं ने बनाए सुंदर सजावटी आइटम एवं मॉडल



Meerut city | My City | 7

## छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

माई सिटी रिपोर्टर



एनएसएस डिग्री कॉलेज में युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करते लोग।

## महाविद्यालय में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के अन्तर्गत जनजागरूकता रैली-सेमिनार का आयोजन एवं “आईआई सी” के अन्तर्गत वेस्ट टू वेल्थ प्रदर्शनी का आयोजन (06-11-2023)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

Meerut city | My City | 8

mycity

## न्यूज कैप्सूल

### छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



शहीद मंगल पांडे कॉलेज में मौजूद शिक्षिकाएं और छात्राएं। संवाद

मेरठ। शहीद मंगल पांडे महाविद्यालय के बीएड विभाग की ओर से नवप्रवेशित छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने मनमोहक रंगारंग प्रस्तुति दी। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु दृढ़ संकल्प एवं अनुशासन बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भावना सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शालिनी सिंह ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. ऋचा राणा, डॉ. गौरव, प्रो. सुरेश जैन, प्रो. लता कुमार, डॉ. पारुल मलिक, डॉ. मंजू रानी आदि का सहयोग रहा। संवाद

### जीवन में सफलता के लिए दृढ़ संकल्प व अनुशासन जरूरी: प्रो अंजू सिंह

मेरठ (बि.टा.)। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम के बीएड विभाग द्वारा बीएड की नवप्रवेशित छात्राओं हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. अंजु सिंह के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सुंदर मनमोहक रंगारंग प्रस्तुति दी। चंदा,मनाली, कनीजिया, सामिष्ठा, दक्षिणी, प्रत्यूष शर्मा, प्राची, वंदना, आयुषी, यशिका, रश्मि, प्रिंसी, काजल, पूजा, संगीता द्वारा कविता पाठ, नाटक, नृत्य आदि मनमोहक प्रस्तुति दी। महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु दृढ़ संकल्प एवं अनुशासन बहुत ही आवश्यक है।



कार्यक्रम का संचालन बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भावना सिंह के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.शालिनी सिंह के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ.ऋचा राणा, डॉ.गौरव का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर सुरेश जैन, प्रोफेसर लता कुमार, डॉ.पारुल मलिक, डॉ. मंजू रानी, डॉ. आशीष पाठक, डॉ.दीपा गुप्ता, डॉ. रतनसिंह एवं बीएड की समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

सम्पादक-चन्द्रमणि दैनिक बिजनौर टाइम्स

### बीएड की नव प्रवेशित छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में प्राचार्या के साथ बीएड की छात्राएं।

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ के बीएड विभाग द्वारा बीएड की नव प्रवेशित छात्राओं हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डॉ अंजू सिंह के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया।

तत्पश्चात छात्राओं ने सुंदर मनमोहक रंगारंग प्रस्तुति दी। चंदा, मनाली, कनीजिया, सामिष्ठा ,दक्षिणी ,प्रत्यूष शर्मा, प्राची ,वंदना ,आयुषी, यशिका, रश्मि ,प्रिंसी, काजल, पूजा, संगीता द्वारा कविता पाठ, नाटक , नृत्य आदि मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

डॉ अंजू सिंह ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु दृढ़ संकल्प एवं अनुशासन बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ भावना सिंह के द्वारा किया गया धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शालिनी सिंह के द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉक्टर ऋचा राणा, डॉक्टर गौरव का विशेष योगदान रहा।इस कार्यक्रम में प्रोफेसर सुरेश जैन, प्रोफेसर लता कुमार, डॉक्टर पारुल मलिक, डॉ मंजू रानी ,डॉक्टर आशीष पाठक ,डॉक्टर दीपा गुप्ता, डॉ रतन सिंह , एवं बीएड की समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

## महाविद्यालय में बी.एड. विभाग द्वारा नव प्रवेशित छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

(07-11-2023)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

## ट्रैक सूट प्राप्त कर कालेज की छात्राओं के खिले चेहरे



ट्रैक सूट प्राप्त करती कालेज की छात्राएं।। ■फोटो : दिनकर टाइम्स

YOUR PARAGRAPH TEXT

**दिनकर टाइम्स न्यूज**

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आत्मरक्षा कार्यशाला प्राप्त छात्राओं को ट्रैक सूट बांटे गए। एन सी आर टी सी रैपिड एक्स ट्रेन मेरठ के तहत एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक के द्वारा आयोजित एक सप्ताह की आत्म रक्षा कार्यशाला में प्रतिभागी छात्राओं ने अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया। मेरठ में बन रही रैपिड एक्स ट्रेन निर्माण के तहत यह प्रशिक्षण दिया गया था।

महाविद्यालय में आई क्यू ए सी के अंतर्गत कार्यक्रम संयोजक डॉ गौरी, डॉ कुमकुम, डॉ एस पी एस राणा एवं डॉ भारती शर्मा आदि रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो अंजू सिंह ने छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण कितना आवश्यक है, बताया साथ ही छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी काम आता है। सभी छात्राओं को बधाई दी। आत्म सुरक्षा ट्रेनिंग की संयोजक मिस लीडा फिलिप ने सभी प्रतिभागी छात्राओं से फीड बैक फॉर्म भरवाया, इसके बाद प्रशिक्षण पूर्ण छात्राओं को ट्रैक सूट का वितरण किया। ट्रैक सूट प्राप्त कर सभी छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इनमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर की विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय की कई छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त किया था।



**छात्राओं को मिले ट्रैक सूट :** शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में मंगलवार को एनसीआरटीसी रैपिड एक्स ट्रेन एवं एशियन डवलपमेंट बैंक द्वारा आयोजित आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन कर छात्राओं को ट्रैक सूट प्रदान किए गए। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने कहा कि छात्राओं के लिए पढ़ाई के साथ ही आत्मरक्षा प्रशिक्षण आवश्यक है। • जागरण

## छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आत्मरक्षा कार्यशाला एनसीआरटीसी रैपिड एक्स ट्रेन के तहत एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा आयोजित की गई। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण कितना आवश्यक है, इसके बारे में जानकारी दी। आत्मसुरक्षा ट्रेनिंग की संयोजक लीडा फिलिप ने सभी प्रतिभागी छात्राओं से फीड बैक फॉर्म भरवाया, इसके बाद प्रशिक्षण पूर्ण छात्राओं को ट्रैक सूट का वितरण किया। संवाद

## महाविद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को ट्रैकसूट वितरण

(07-11-2023)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

## पोस्टर प्रतियोगिता से मतदान के प्रति किया जागरूक

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में प्राचार्या प्रोफेसर डॉ.अंजू सिंह की अध्यक्षता में स्वीप के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एड. की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और आकर्षक पोस्टर बनाये।



पोस्टर प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं के साथ प्राचार्या प्रोफेसर डॉ.अंजू सिंह।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूजा सैनी(बी.एड. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर पूजा चौहान एवं मनाली कन्नौजिया (बी.एड.प्रथम वर्ष) एवं तृतीय स्थान पर सना एवं संगीता यादव (प्रथम वर्ष) रही, नम्रता सिंह(बी.एड.प्रथम वर्ष)को सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ।

विजेता छात्राओं को प्राचार्य अंजू सिंह द्वारा बधाई देते हुए सभी को मतदान हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है।

देश के प्रत्येक वयस्क नागरिक का यह दायित्व है कि वह मतदान के प्रति स्वयं जागरूक रहने के साथ ही साथ अपने आस-पास के व्यक्तियों को भी मतदान के प्रति जागरूक करे। एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में मतदान सर्वाधिक अमूल्य निधि है, मत हमारे भविष्य का निर्धारक है, अतः मतदान करते समय हमें समस्त संकीर्णताओं से परे होकर पूर्ण विवेक से सही प्रतिनिधि के पक्ष में मत का प्रयोग करना चाहिए।

कार्यक्रम का आयोजन शालिनी सिंह एवम डॉ ऋचा राणा द्वारा किया गया स प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में स्वीप नोडल अधिकारी डॉ मुनेश एवं गौरव(बी.एड. विभाग) रहे।

प्रतियोगिता में वंदना, आयुषी, सिमरन, मुस्कान, निकिता, विशाखा, शिखा, अंजलि, संस्कृति आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

ावर कारपोरेशन द्वारा 8 नवम्बर से चल रही है एकमुश्त समाधान योजना

## मतदाता जागरूकता पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित




मेरठः शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डा.अंजू सिंह की अध्यक्षता में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बी.एड. की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और आकर्षक पोस्टर बनाये। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूजा सैनी, द्वितीय स्थान पर पूजा चौहान एवं मनाली कन्नौजिया और तृतीय स्थान पर सना एवं संगीता यादव रही। साथ ही नम्रता सिंह को सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ। विजेता छात्राओं को प्राचार्य अंजू सिंह द्वारा बधाई देते हुए सभी को मतदान के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। देश के प्रत्येक वयस्क नागरिक का यह दायित्व है कि वह मतदान के प्रति स्वयं जागरूक रहने के साथ ही साथ अपने आस-पास के व्यक्तियों को भी मतदान के प्रति जागरूक करे। कार्यक्रम का आयोजन शालिनी सिंह व ऋचा राणा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में स्वीप नोडल अधिकारी डा. मुनेश एवं गौरव रहे। प्रतियोगिता में वंदना, आयुषी, सिमरन, मुस्कान, निकिता, विशाखा, शिखा, अंजलि, संस्कृति आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में प्रतियोगिता में बनाए पोस्टर दिखाती छात्राएं • सौ. कालेज

## पोस्टर प्रतियोगिता में पूजा प्रथम

मेरठ : शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में गुरुवार को मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें पूजा सैनी प्रथम, पूजा चौहान दूसरे और मनाली कन्नौजिया तृतीय रहीं। विजयी छात्राओं को प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने सम्मानित किया। साथ ही छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक भी किया। शालिनी सिंह और डा. ऋचा राणा भी मौजूद रहीं। वहीं क्रांति रेंजर्स टीम एवं एनसीसी इकाई की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जासं

## महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिताएवं रैली के माध्यम से मतदान हेतु जागरूकता अभियान

## (16-11-2023)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT



विक्रमण

सम्पादक: सुशील गांधी [redacted] मेरठ, 20 नवम्बर 2023 हिन्दी समाचार पत्र

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में प्राचार्या प्रोफेसर ( डॉ. ) अंजू सिंह की अध्यक्षता में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के अन्तर्गत कौमी एकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ



DB NOIDA 21 NOVEMBER 2...

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कौमी एकता सप्ताह का शुभारंभ



21 Nov MRT inext.pdf

रंगोली बनाकर दिए संदेश



Meerut city

My City

21

रंगोली प्रतियोगिता में स्वाति प्रथम

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वालीं छात्राएं। संवाद

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. डॉ. अंजू सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कौमी एकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस ऑनलाइन रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में स्वाति दीक्षित प्रथम, संजना एवं मानसी द्वितीय और वंशिका, प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सांत्वना पुरस्कार रेखा और गुंजन ने प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने बधाई दी। संवाद



शहीद मंगल पांडे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कौमी एकता सप्ताह का शुभारंभ

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता द्वारा क़ौमी एकता सप्ताह का शुभारंभ (19-11-2023)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT



मेरठ | बुधवार • 22.11.2023

अमर उजाला 05

मोदीपुरम। सिवाया स्थित वेद इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को ग्रैंड पैरेंट्स डे मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थी अपने ग्रैंड पैरेंट्स के साथ स्कूल पहुंचे। विद्यालय चेयरमैन अजीत कुमार, चेयरपर्सन बेबी विहान, निदेशक प्रशासन सलीम और प्रधानाचार्या मनोज गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नर्सरी के नन्हे-मुन्नों ने चन्दा मामा दूर के गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। एलकेजी के विद्यार्थियों ने हम सब के प्यारे दादा जी कविता की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में दीपिका शर्मा, वैशाली, लोकेश रंजन, पारुल चौधरी आदि मौजूद रहे। संवाद

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्राची प्रथम

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साइबर स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में साइबर अपराध एवं सुरक्षा विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राची आर्य, द्वितीय स्थान गीतांजलि व नम्रता सिंह और स्वाति रानी गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने विजेता छात्राओं को बधाई दी। समिति संयोजक प्रो. डॉ. लता कुमार ने सभी को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. ऋचा राणा और गौरव मौजूद रहे। संवाद

## वाद-विवाद में जीटीबी विजेता

महाविद्यालय में साइबर स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

(21-11-2023)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

## नुक्कड़ नाटक में दक्ष्यानी प्रथम

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने छात्राओं को कहा कि मतदान हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भावना सिंह ने किया। निर्णायक प्रो. लता कुमार एवं डॉ. मुनीश रहे। नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान दक्ष्यानी यादव, द्वितीय स्थान पर सिमरन और तृतीय स्थान पर मनाली रहीं। इस दौरान डॉ. पारुल मलिक, डॉ. आशीष पाठक, डॉ. ऋचा राणा, डॉ. शालिनी वर्मा रहे। संवाद

मतदाता जागरूकता हेतु बी.एड. विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन

(22-11-2023)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

अमर उजाला 05

नाटक आयोजित किया। प्राचार्य प्रो. अंजलि मित्तल, एक्टिविटी क्लब समन्वयक प्रो. अजीत तोमर, प्रो. योगेश कुमार, प्रो. विरेंद्र कुमार ने यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रो. मनोज, प्रो. कपिल कुमार, डॉ. श्वेता जैन, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. सीमा रानी, डॉ. अर्चना डॉ. पवन कुमार, प्रो. सचिन कुमार, प्रो. नूपुर आदि उपस्थित रहे। ब्यूरो

## सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। संवाद

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में पूजा सैनी प्रथम, बुशरा द्वितीय, मनाली तृतीय और रिमणा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने छात्राओं को सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में प्रो. लता कुमार मनीषा भूषण रहीं। क्विज प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम, द्वितीय रितिका, तृतीय राशि रहीं। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. स्वर्णलता ने किया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने विजेता छात्रों को बधाई दी। इस दौरान डॉ. पारूल मलिक, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. मनीष भूषण, डॉ. नीता सक्सेना, डॉ. सोशल मौजूद रहीं। संवाद

**महाविद्यालय में सड़क जागरूकता हेतु पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन**

**(22-11-2023)**

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT



मेरठ | रविवार • 26.11.2023

उजाला 05

सम्मान

3 विकासखंडों के 13 माण-पत्र देकर सम्मानित

कहा कि सरकार की भ लेते हुए शिक्षा क्षेत्र में लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. शिक्षकों को प्रेरणास्त्रोत अमित अग्रवाल ने कहा भूमिका महत्वपूर्ण है। भारद्वाज ने शिक्षकों को संज्ञा दी।

## यशिका ने सबसे सुंदर पोस्टर बनाया

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई।

यशिका प्रथम, आरजू द्वितीय, निकिता व प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, आरती एवं प्रिया ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने कहा कि महिलाओं के प्रति हिंसा गंभीर सामाजिक समस्या है। इसे नियंत्रित करने का संकल्प लेना जरूरी है। संवाद

महाविद्यालय में महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

(25-11-2023)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

## मेरठ में आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ सत्र 2023–24 की प्रथम बैठक का आयोजन

दैनिक शाह बुलेटिन
अताउल्लाह सैफी

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ में आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की आंतरिक व बाह्य सदस्यों की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारम्भ माँ शारदे का माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर प्राचार्य प्रो (डॉ) अंजू सिंह और सम्मानित सदस्यों द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह ने सभी अतिथियों को एक पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात सत्र 2023- 24 की महाविद्यालय पत्रिका का विमोचन किया गया। प्राचार्य एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ सहारनपुर मंडल प्रोफेसर डॉक्टर अंजू सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि मुझे विश्वास है कि बैठक में शिक्षा, शोध के विभिन्न आयामों पर चर्चा से महाविद्यालय की आगामी गतिविधियों को दिशा मिलेगी। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. लता कुमार ने महाविद्यालय में आयोजित सभी शिक्षण एवम् शिक्षणेत्तर गतिविधियों की आख्या प्रस्तुत करते हुए प्रकोष्ठ के लक्ष्यों और उद्देश्यों को पटल पर रखा। साथ ही समस्त सदस्यों को अवगत कराया कि उक्त अवधि में महाविद्यालय में 09 शोधार्थियों को शोध उपाधि प्राप्त हुई हैं एवम 04 शोध जमा हुई हैं। प्राध्यापकों द्वारा 13 शोध पत्र प्रकाशित, 23 शोधपत्रों का वाचन, 02 पुस्तकों, 01 पुस्तक अध्याय का सृजन किया गया 1 विभिन्न संस्थाओ द्वारा 10 प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया है। महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभाग, संगीत विभाग एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम स्थान आने पर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया । छात्राओं द्वारा विभिन्न सामाजिक और सामुदायिक कार्यों में सहभागिता की गई। बैठक के वाह्य सदस्य श्री प्रीतीश कुमार जी ने महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा की बालिकाओं की छिपी प्रतिभा निखारने के लिए समय-समय पर पाठ्यत्तर गतिविधियां उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन हेतु हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उद्यमी श्री कुलदीप शर्मा ने महाविद्यालय को निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। प्रकोष्ठ से एक नए सदस्य के रूप में मित्तल इंजीनियर वर्क्स के संस्थापक श्री शुभेंद्र मित्तल जी जुड़े , उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए नारी शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है एवं उन्होंने आगामी नैक हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दीजिए। जन प्रतिनिधि के रूप में स्थानीय पार्षद श्री दीपक वर्मा जी ने महाविद्यालय के प्रति शुभकामनाएँ दी एवम महाविद्यालय के आस पास की सड़को की मरम्मत, ग्रीन बेल्ट सौंदर्यकरण एवं अन्य संभव सहायता का आश्वासन दिया। बैठक में पुरातन छात्राओं, अभिभावकों और वर्तमान छात्रा प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ सहसमन्वयक प्रो. अनीता गोस्वामी ने एवं धन्यवाद् ज्ञापन डॉ सत्यपाल सिंह राणा ने किया। कार्यक्रम का संयोजन आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. लता कुमार ने किया।रिपोर्ट लेखन प्रकोष्ठ सह समन्वयक डा. गीता चौधरी एवं डा. ज्योति चौधरी ने किया। कार्यक्रम आयोजन में IQAC सदस्य डॉ उषा साहनी, डॉ भारती शर्मा, डॉ राकेश ढल, डॉ आशीष पाठक, डॉ विकास कुमार एवं डॉ सुशील कुमार का सहयोग रहा ।






← Meerut city | My City

### नैक को लेकर गिनाईं कॉलेज की उपलब्धियां

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में शनिवार को नैक को लेकर आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की आंतरिक व बाह्य सदस्यों की प्रथम बैठक हुई। प्राचार्य एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. अंजू सिंह ने सत्र 2023-24 की महाविद्यालय पत्रिका का विमोचन किया। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. लता कुमार ने महाविद्यालय में आयोजित शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उद्यमी कुलदीप शर्मा ने महाविद्यालय को निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. उषा साहनी, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. राकेश ढल, डॉ. आशीष पाठक मौजूद रहे। संवाद

हिन्दुस्तान

भुगतान कर दिया है। शेष भुगतान जल्द होगा। विधायक डा. ... गन्ना प्रबंधक अजय नेहरा, दीपक राणा, अनुज तोमर, अनुराग ...

### शहीद मंगल पांडे में आईक्यूसी की बैठ

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की बैठक हुई। महाविद्यालय पत्रिका का विमोचन किया गया। प्राचार्य प्रो अंजू सिंह ने कहा शिक्षा, शोध के विभिन्न आयामों पर चर्चा से महाविद्यालय की गतिविधियों को दिशा मिलेगी। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. लता कुमार ने बताया महाविद्यालय में नौ शोधार्थियों को शोध उपाधि प्राप्त हुई है। चार शोध जमा हुए हैं। प्राध्यापकों द्वारा 13 शोध पत्र प्रकाशित, 23 शोधपत्रों का वाचन, 02 पुस्तकों, 01 पुस्तक अध्याय का सृजन किया गया।

## महाविद्यालय में आईक्यूएसी की प्रथम बैठक का आयोजन (25-11-2023)

9:31 LTE

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

# भाषण में प्रत्यूषा, क्विज में जोया और पोस्टर प्रतियोगिता में पूजा विजेता

## जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं का आयोजन

जागरण संवाददाता, मेरठ : शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताऐं हुईं। इसमें विभिन्न कालेजों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भाषण में प्रत्यूषा, क्विंज में जोया व पोस्टर प्रतियोगिता में पूजा विजेता रहीं।

बुधवार को भाषण प्रतियोगिता का विषय 'सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन: व्यवहारिक चुनौतियां' रहा। इसमें शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की प्रत्यूषा शर्मा, आरती चौहान और सृष्टि सक्सेना तृतीय रहीं। क्विज में प्रथम स्थान जोया हुमेरा राजकीय महाविद्यालय खरखौदा ने प्राप्त किया। सानिया शहजाद इस्माइल पीजी कालेज द्वितीय और काजल शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय तृतीय रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा सैनी शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय, द्वितीय स्थान जोया हुमेरा राजकीय महाविद्यालय खरखौदा तथा तृतीय स्थान उर्वशी आरजी पीजी कालेज ने प्राप्त किया। अध्यक्षता प्राचार्य और प्रो. अंजू सिंह ने की। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. ज्ञान प्रकाश वर्मा, मिशिका सोसायटी के संस्थापक अमित नागर व परिवहन विभाग से सहायक परिवहन आयुक्त अमिताभ चतुर्वेदी निर्णायक रहे। संचालन प्रो. लता कुमार व अमित तिवारी ने किया।



शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मे आयोजित प्रतियोगिता की विजेता छात्राए और अतिथि • सौ. कालेज

**महाविद्यालय में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं का आयोजन (29-11-2023)**